

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण



राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

UTTHIN/2022/85670

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026

वर्ष : 04 | अंक : 12 | हरिद्वार | शनिवार, 22 मार्च, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


# सीएम हेल्पलाइन 1905 में समय पर समस्याओं का निवारण न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए : मुख्यमंत्री

जतिन शर्मा

देहरादून/नई दिल्ली। सीएम हेल्पलाइन 195 में समय पर समस्याओं का निवारण न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जिन अधिकारियों के स्तर पर अधिक शिकायतें लंबित हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए और लापरवाही बरते जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई भी की जाए। सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के बाद एक माह के अन्दर उनके सभी देयकों का भुगतान हो जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली से सीएम हेल्पलाइन 195 की वर्चुअल समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिये।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन मानस की है। जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। राजस्व विभाग, वन विभाग और शिक्षा विभाग में जन शिकायतों के समाधान में हो रही लेट लतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए



निर्देश दिए कि अधिक समय तक लंबित प्रकरणों के मामले में संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि राजस्व विभाग से संबंधित सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिन क्षेत्रों में अधिक शिकायते प्राप्त हो रही हैं, उसका कारण जानने के साथ ही उचित समाधान के लिए आगे की योजना बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी सुनिश्चित करें कि जिन समस्याओं का समाधान जिस स्तर पर हो सकता हैं, वहीं समाधान किया जाए। अनावश्यक रूप से शिकायत उच्च स्तर पर आने पर उन अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए, जो अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाए। पेयजल से सबंधित अधिक शिकायते प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत भी प्रदेश में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए पूरी व्यवस्था की जाए। 180दिन से अधिक समय से लंबित मामलों पर विशेष अभियान चलाकर उनका निस्तारण करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन पर कुछ लोगों की समस्याएं सुनी और उनका यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को समय पर उनके अधिकार की धनराशि मिले, यह सबंधित विभागों का कर्तव्य है। बागेश्वर के जगदीश कार्की ने कहा कि वर्ष 219 में उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अंतर्गत टेंट हाउस के लिए लोन लिया था, लेकिन उद्योग विभाग द्वारा अभी तक सब्सिडी नहीं दी गई है। बैंक द्वारा लगातार किस्ते काटी जा रही है, जिस वजह से समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी बागेश्वर को एक सप्ताह में जगदीश कार्की को सब्सिडी दिलवाने के निर्देश दिये हैं।

देहरादून के विराट ने कहा कि भू माफिया द्वारा अवैध खनन एवं पेड़ों का कटान किया जा रहा है, जिससे प्रकृति को बहुत नुक्सान हो रहा है, एवं अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। भूमाफियाओं द्वारा उनको धमकी भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को इस प्रकरण पर शीघ्र कार्यवाही करने और एसएसपी देहरादून को धमकी देने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव न्याय श्री प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव एल.फैनई, आर.मीनाक्षी सुदंरम, डीजीपी दीपम सेठ, सचिवगण, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्चुअल माध्यम से उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर.सी अजय मिश्रा एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों ने कॉरिडोर के लिए बस अड्डा शिफ्ट किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया

हरिद्वार। उत्तराखंड प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने जिला अध्यक्ष डा.नीरज सिंघल, महामंत्री संजय त्रिवाल व संरक्षक तेज प्रकाश साहू के नेतृत्व में अपर रोड़ पर प्रदर्शन कर कॉरिडोर योजना के अंतर्गत बस अड्डे को शिफ्ट किए जाने का विरोध किया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डा.नीरज सिंघल ने कहा कि शहर का सौन्दर्यकरण होना चाहिए। लेकिन व्यापारी और व्यापार को खत्म करके नहीं। जाह्नवी मार्किट को ध्वस्त कर वहा पर जनसुविधाएं देने के लिए एक कम्पनी को जगह देना कहां तक उचित है। सरकार को व्यापारियों को उजाड़ने से पहले बसाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल बस अड्डे को शहर से बाहर ले जाने का विरोध करता है। व्यापारियों और यात्रीयों की सुविधा के लिए बस अड्डा शहर में ही होना चाहिए। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा कि हरिद्वार का व्यापार पहले ही ट्रेनों के सीधा ऋषिकेश जाने से चौपट हो चुका है। कोरोना काल में बंद की गयी कई ट्रेन अभी तक शुरू नहीं हो पाई हैं। बस अड्डा शिफ्ट नहीं होना चाहिए। यदि बस अड्डा शिफ्ट किया गया तो रेलवे रोड़, श्रवण नाथ नगर, अपर रोड़ तक पूरा व्यापार चौपट हो जाएगा। बस अड्डे के विस्तारीकरण के पर्याप्त जगह उपलब्ध है। इसलिए बस अड्डे को यथावत् रखते हुए उसका विस्तारीकरण किया जाए।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवादाताओं की। सम्पर्क करें – 9410731129, 9548880101


## श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के समीप नाली व चाहरदीवारी का भूमिपूजन

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के समीप नाली एवं चाहरदीवारी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस दीवार के बनने से अराजकतत्वों के प्रवेश पर रोक लग जाएगी और दीवार पर भित्ती चित्रों में उत्तराखंड की संस्कृति, धार्मिक स्थल और योगनगरी की छटा दिखाई देगी। शुक्रवार को नाली व दीवार के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए डा. अग्रवाल ने बताया कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह निर्माण कार्य एक करोड़ 89 लाख 84 हजार रूपये की लागत से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इस दीवार पर भित्ती चित्रों में उत्तराखंड के चारधाम, लोक संस्कृति, धार्मिक स्थल की छटा दिखाई देगी। डा. अग्रवाल ने कहा कि उनकी विधानसभा की जनता ही उनका परिवार है और परिवार की समस्याओं के निस्तारण करना उनकी




प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि उनकी विधायकी के 18 वर्षों में ग्रामीण से लेकर नगरीय क्षेत्रों में विकास के सभी कार्यों को बखूबी किया गया, जो आज भी गतिमान है। डा. अग्रवाल ने कहा कि विकास कार्यों के लिये कभी भी धन की कमी आड़े नहीं आने देंगे। कहा कि अपने विधायकी के शेष कार्यकाल में पूरा समय जनता के बीच बिताएंगे। जनता की सभी समस्याओं के लिये कार्य करेंगे। साथ ही विकास को समर्पित हर वह कार्य करेंगे जो जनता के हित में हो। इस अवसर पर मेयर शंभू पासवान, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तड़ियाल, कविता शाह, वरिष्ठ भाजपा नेता चेतन शर्मा, राजेंद्र बिजलवाल, प्राचार्य महावीर रावत, अधिशासी अभियंता एमडीडीए सुनील कुमार, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, पार्षद रीना शर्मा, आशु डंग, सोनू प्रभाकर, मनोज ध्यानी, अजय दास, शिव कुमार गौतम, एकांत गोयल, जितेंद्र पाल, दीपक बिष्ट, रेहा संजय ध्यानी, देवदत्त शर्मा, निवेदिता सरकार, सोनू पांडेय, राजेंद्र बिजल्वाण, एकांत गोयल, सुमित तिवाड़ी, संजीव सिलस्वाल, शिवम टुटेजा, सुजीत, राधे जाटव आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## सहकारी समितियां


सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

भारत में लगभग 2,7०,०००ग्राम पंचायतें हैं, फिर भी इनमें से कई स्थानीय निकाय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों से वंचित हैं। ऋण, आवश्यक सांमग्री, बाजार और रोजगार प्रदान करने में इन प्राथमिक-स्तर की सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मोदी सरकार ने अब तक सरकारी संस्थाओं से वंचित ग्राम पंचायतों में नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, यानि, बहुउद्देशीय पैक्स , और डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना लेकर आयी है । प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण के अनुसार, बहुउद्देशीय पैक्स ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की आधारशिला बन जाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक गांव में कम से कम एक ऋण, डेयरी, या मत्स्य सहकारी समिति होना है। यह पहल डेयरी, मत्स्य पालन, अन्य क्षेत्रों में ऋण पहुंच और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है । राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार देश में 1,458 नए बहुउद्देशीय पैक्स पंजीकृत किए गए हैं। बहुउद्देशीय डेयरी सहकारी समितियों, बहुउद्देशीय मत्स्य सहकारी समिति और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के गठन से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा और लोगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे ।

# डी.पी.एस. दौलतपुर में प्रेप जूनियर से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह




हरिद्वार। दिल्ली पब्लिक स्कूल दौलतपुर हरिद्वार में कक्षा प्रेप जूनियर से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बहुत उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें सभी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. स्वास्तिक जैन, श्रीमती शीतल नेगी, दिनेश नेगी और श्रीमती मंजू नेगी जी का स्वागत करते हुए दीप प्रज्वलन से किया गया।विद्यार्थियों के द्वारा वर्ष भर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मनाते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता, सह-पाठ्यचर्या उपलब्धियों, अनुशासन और नित्य नए सुधार में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के समापन पर सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए पुरस्कारों के लिए उनकी सराहना करते हुए उन्हें नित्य इसी प्रकार कार्यरत रहने की प्रेरणा दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएँ कीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाईयाँ दीं और जीवन में निरंतर प्रयासरत रहने को भी प्रोत्साहित किया।

## नशे में हंगामा कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। धौलछीना बाजार में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। बुधवार को थाना धौलछीना को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाजार में नशे की हालत में उत्पात मचा रहा है। सूचना पर धौलछीना पुलिस टीम से अपर उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल कुन्दन लाल और कांस्टेबल रवि कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि मनोज सिंह मेहता, निवासी धौलछीना, नशे में धुत होकर शोरगुल कर रहा था और माहौल खराब कर रहा था।

# व्यापारी और श्रद्धालु हित में उतराखंड चारधाम यात्रा को सुलभ बनाए सरकार : सेठी

जतिन शर्मा

हरिद्वार। सुनील सेठी ने हरिद्वार विधायक मदन कौशिक को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को की समाप्त करने की मांग। उतराखंड चारधाम यात्रा बोर्ड के गठन एवं हेली सेवा टिकटों के नाम पर महंगी ब्लैक टिकटों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि पर्यटन से जुड़े व्यापारियों एवं तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का सही से ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री धामी से शीघ्र ही इस विषय पर वार्तालाप की जाएगी। हरिद्वार तीर्थ यात्रियों की संपूर्ण सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। उत्तरी हरिद्वार से महानगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सेठी ने हरिद्वार के व्यापारियों के हित में एवं आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को लेकर हरिद्वार विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपा। कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से



सरकार की तरफ से सुविधाओं को व्यवस्थाओं को ओर बढ़ाना चाहिए, जिसके लिए उतराखंड चारधाम यात्रा प्राधिकरण या कुछ ओर बेहतर बोर्ड का गठन करना चाहिए। जिससे यात्रा में जिस प्रकार यात्रियों को परेशानी होती है उससे राहत मिल सके। कहा मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त करना चाहिए। सेठी ने कहा



कि कुछ दिन पहले सचिवालय में हुई बैठक में उतराखंड चारधाम यात्रा प्राधिकरण का प्रस्ताव आया था। बैठक में शामिल चारधाम यात्रा से जुड़े स्टेक होल्डरों ने अपने सुझाव भी दिए थे लेकिन उसके बाद इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। जिस प्रकार से चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है, उसे देखते हुए कुछ कड़े कदम उठाकर यात्रा को सुलभ बनाने के लिए करने चाहिए। जिस प्रकार हेली टिकटों की अवैध बिक्री से यात्रियों को ठगा जाता है उस पर भी सख्ती से रोक लगानी चाहिए। हेली सेवाएं दे रही कंपनियों के मानक तय होने चाहिए। वरिष्ट व्यापारी नेता सतेंद्र झा एवं जिला उपाध्यक्ष प्रीत कमल सारस्वत ने कहा कि पिछले साल चार धाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन व्यवस्था से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। हरिद्वार का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हुआ था। पर्यटन व्यापारियों के हितों को देखते हुए सरकार को रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त कर देना चाहिए। इससे आम श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। महानगर उपाध्यक्ष एस के सैनी एवं सुनील मनोचा ने कहा कि उत्तराखंड के व्यापारियों का हरिद्वार के व्यापारियों का सारे साल का सीजन चार धाम यात्रा पर टिका है जिसमें पिछले कई वर्षों से श्रद्धालुओं की संख्या तो बढ़ती जा रही है लेकिन कई नियम बढ़ने से यात्रा के समय व्यापारियों को यात्रियों को कई मुसीबतों से गुजरना पड़ता है हम सभी व्यापारी सरकार की रीढ़ है सरकार के सहयोगी है अच्छी सुलभ यात्रा हो यही हम मुख्यमंत्री से उम्मीद करते है सरकार से हम बेहतर यात्रा तैयारियों की मांग के साथ यात्रा सुलभ बेहतर बनाने में हर स्तर तक साथ खड़े है। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि सरकार द्वारा पर्यटन से जुड़े व्यापारी एवं तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का रखा जाएगा पूरा ध्यान जो भी कमियां होंगी उन्हें जल्द किया जायेगा दूर मुख्यमंत्री से करेंगे वार्ता। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से सचिव सोनू चौधरी, मुकेश अग्रवाल, पंकज माटा, रमन सिंह, अनिल कोरी, रवि बांगा, भूदेव शर्मा, राकेश सिंह सहित महानगर व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा।

# भारतीय किसान यूनियन के उत्तराखंड प्रभारी ने किसानों के साथ मारपीट कर बलपूर्वक हटाने पर पंजाब सरकार की निंदा की

कमलेश।

हरिद्वार। भारतीय किसान यूनियन दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तराखंड प्रभारी सुरेश कुमार छिलर ने पंजाब सरकार की घोर शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। लेकिन पंजाब सरकार द्वारा सुनियोजित तरीके से किसानों को जोर

## किसानों की अनदेखी पंजाब सरकार को भारी पड़ेगी–सुरेश कुमार छिलर

जबरदस्ती से हटाया गया। किसानों के साथ मारपीट की घटनाएं की गई। बलपूर्वक किसानों को हटाया गया है। पंजाब सरकार को शर्म आनी चाहिए। किसानों की अनदेखी पंजाब सरकार को भारी पड़ेगी। सुरेश कुमार छिलर ने कहा कि देश की प्रगति में किसानों की निर्णायक भूमिका है। देश का किसान अपने हितों को लेकर संघर्ष कर रहा है। सरकारों को किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए। लंबे समय से किसान फसलों के दामों एवं अन्य मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन केंद्र एवं राज्यों की सरकारें किसानों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपना रही है। पंजाब सरकार को किसानों से माफी मांगनी चाहिए। किसानों के हितों की लड़ाई के लिए कितना भी संघर्ष करना पड़े पीछे नहीं हटने वाले हैं।

देवेन्द्र जौहरी
**सहसम्पादक**
जतिन शर्मा
**सहसम्पादक**
विक्रान्त शर्मा
**कानूनी सलाहकार**
जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# पतंजलि विश्व विद्यालय में आयोजित 62वें अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया



हरिद्वारपतंजलि विश्व विद्यालय में आयोजित 62वें अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव समापन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के 25 से भी अधिक प्रांतों तथा पड़ोसी देश नेपाल से आए हुए विद्वानजन, शोधकर्ताओं, शास्त्र प्रेमी और विद्यार्थियों एवं भविष्य के कुलपति और भविष्य के देश के कर्णाधार जो देश और दुनिया में भारत के सनातन, संस्कृति और संस्कारों को दुनिया के अंदर ले जाने का जिनके ऊपर दायित्व है ऐसे सभी पधारे महानुभावों, छात्र-छात्राओं का देवभूमि उत्तराखंड में आने पर सभी का हृदय से स्वागत स्वागत व अभिनंदन । उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विद्वान जनों के बीच आकर अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है और यहां के वातावरण को देखकर पूरा विश्वास है कि दो दिवसीय शास्त्रोत्सव निश्चित रूप से जिन उद्देश्यों के लिए आयोजन एवं समागम किया गया, उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में अवश्य सफल रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से एक और हमारे ऋषि, मुनियों द्वारा स्थापित ज्ञान के विभिन्न आयामों को सहजने का कार्य करते हैं, वहीं भारतीय संस्कृति, परम्परा एवं विरासत को नई एवं भावी पीढ़ी तक पहुंचाने विरासत को स्थानांतरित करने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव में आयोजित विभिन्न स्पर्धाएं निश्चित रूप से हमारी प्राचीन शास्त्र परंपरा को आधुनिक रूप में भी जीवंत रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगी, जिस प्रकार आदि शंकराचार्य जी ने छोटी सी आयु में अद्वैत वेदांत का पूर्ण ज्ञान अर्जित कर संपूर्ण भारत में ज्ञान की ज्योति जागृत की थी, उसी प्रकार शास्त्रोत्सव प्रतिस्पर्धा में प्रतिभा करने वाले सभी प्रतिभागी भी हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा है इसको आगे बढ़ाने वाले अग्रदूत हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी और इस अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय, संस्कृत एवं पतंजलि विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्र केवल ग्रंथ या किताब ही नहीं हैं बल्कि इस संपूर्ण सृष्टि के जितने रहस्य हैं उन रहस्यों को जानने और समझने का एक विशिष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारे समस्त वेदों, उपनिषदों और पुराणों आदि में ऐसे सूत्र निहित हैं जिनसे प्रेरणा लेकर आज आधुनिक विज्ञान भी सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि शास्त्रोत्सव से एक नई ऊर्जा के अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों एवं संस्कृति में जीवन के भौतिक और आध्यात्मिक पहलुओं के बीच संतुलन की भावना निहित है जो इसे सभी ज्ञान परंपराओं से श्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्र जहां एक और योगासन, प्राणायाम और ध्यान द्वारा शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने की बात सिखाते हैं, वहीं अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति, व्याकरण ,जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, चिकित्सा शास्त्र और खगोल शास्त्र आदि ऐसे ऐसे गूढ़ रहस्यो से पर्दा उठाते हैं जिन्हें देखकर आधुनिक गणितज्ञ और वैज्ञानिक भी सच में आश्चर्यचकित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें आज युवा पीढ़ी को यह बताने की आवश्यकता है कि भारतीय गणितज्ञ ने शून्य और दशमलव जैसी अद्वितीय अवधारणा को विकसित किया था जिनके ऊपर आज का पूरा आधुनिक विज्ञान टिका हुआ है । उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पुन: सम्मान मिल रहा है, उनसे प्रेरणा लेकर राज्य सरकार भी प्रदेश में प्राचीन संस्कृति और ज्ञान को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है, लगातार एक पल एवं एक क्षण भी रुके बिना जो भी धार्मिक स्थान एवं मंदिर है उन सभी के नवनिर्माण, पुनर्निर्माण एवं उनके विस्तार की दिशा में निरंतर से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव, आचार्य बाल कृष्ण एवं समस्त पतंजलि परिवार को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि इनके द्वारा प्राचीन भारतीय ज्ञान को आने वाली नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का जो महा अभियान प्रारंभ किया गया है उसके सफल परिणाम हमारे सामने आने लगे है। उन्होंने कहा कि हम अपनी युवा पीढ़ी, आने वाली पीढ़ी को सरल और व्यावहारिक रूप से वेदों और उपनिषदों को सरलता से ज्ञान दे सकते हैं। युवा पीढ़ी वेदों एवं उप निषदों को रुचि से पढ़े, युवाओं के मन में भावना जागृत हो, युवा पीढ़ी को ज्ञात हो कि यह कितने महान ग्रंथ हैं, इनके अंदर कितनी विशेषताएं और विशिष्टताएं हैं, इन ग्रन्थों में किस प्रकार का ज्ञान का भंडार छिपा हुआ है, किस प्रकार के तत्व छिपे हुए हैं, किस प्रकार धर्म की व्याख्या की गई है, किस मार्ग पर चलना है। उन्होंने शास्त्रोत्सव के सफल आयोजन के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तथा पतंजलि विश्वविद्यालय का अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने*वेद दर्शन* वेदो और उपनिषदो का सार पुस्तक का विमोचन किया। एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं मे स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

# सचिव आपदा प्रबन्धन विनोद कुमार सुमन ने की डीडीएमपी की समीक्षा




देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने जिला आपदा प्रबंधन योजना तथा राज्य आपदा प्रबंधन योजना बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डीडीएमपी तथा एसडीएमपी बनाए जाने को लेकर सभी जनपदों के आपदा प्रबंधन अधिकारियों को जरूरी सुझाव दिए और जल्द से जल्द इन्हें पूरा करने को कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशन में डीडीएमपी तथा एसडीएमपी का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान यूएसडीएमए के एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राज कुमार नेगी ने कहा कि डीडीएमपी और एसडीएमपी आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने विभिन्न डीडीएमओ को इसे बनाने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। वहीं दूसरी ओर एसीईओ प्रशासन आनंद स्वरूप ने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को जल्द से जल्द एसडीआरएफ तथा एसडीएमएफ के लिए डिमांड भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी जिलों से सुरंगों के लिए बनाई जा रही मानक परिचालन प्रक्रिया के लिए सुझाव उपलब्ध कराने तथा विभिन्न बांधों, बड़ी परियोजनाओं तथा संरचनाओं के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट प्लान बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ. बिमलेश जोशी, डॉ. वेदिका पन्त, रोहित कुमार, सुश्री तंद्रीला सरकार, हेमन्त बिष्ट, अंकित सती, डॉ. रुचिका टण्डन, वैभव बहुगुणा आदि मौजूद थे। आईएमडी के वैज्ञानिकों के अनुसार, इस साल अधिक पड़ेगी गर्मी, अस्पतालों में अलग से हीट स्ट्रोक रूम बनाने के निर्देश। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए देशभर के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ बैठक कर हीट वेव से प्रभावी तरीके से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। साथ ही विभिन्न राज्यों में हीट वेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। एनडीएमए मुख्यालय से ऑनलाइन संचालित बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन के साथ ही यूएसडीएमए के एसीईओ प्रशासन आनन्द स्वरूप, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, जेसीईओ मो ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ बिमलेश जोशी ने प्रतिभाग किया। बैठक में मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में इस साल तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ नरेश कुमार ने बताया कि इस साल पिछले साल की तुलना में अधिक तापमान रहने की संभावना है। हीट सीजन की घोषणा कर दी गई है। मार्च, अप्रैल और मई में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इसके साथ ही हीट वेव के दिन भी अधिक रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। इस साल पिछले साल की तुलना में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। बैठक में एनडीएमए के अधिकारियों ने गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने तथा मनरेगा मजदूर तथा श्रमिकों के कार्य करने के लिए समय में परिवर्तन करने की सलाह दी, जिससे कि वह गर्मी के प्रकोप से बच सकें। इस दौरान अधिकारियों ने सभी राज्यों को हीट वेव एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए। डॉ आकाश श्रीवास्तव, अपर निदेशक, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है। इसमें हीट वेव से निपटने के लिए व्यापक कार्ययोजना तथा सुझावों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। साथ ही अस्पतालों में अलग से एक हीट स्ट्रोक रूम बनाने तथा एंबुलेंस में भी हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हीट स्ट्रोक पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके, इसके लिए डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण देने, सभी स्वास्थ्य केद्रों में कूलिंग अप्लायंसेज की व्यवस्था करने, विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने, सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था करने, कुल रूफिंग सॉल्यूशंस को पायलट प्रोजेक्ट के तहत संचालित करने तथा प्रत्येक राज्य से एक हीट नोडल ऑफिसर की तैनाती करने को कहा है।

# कृषि में आधुनिक तकनीक के साथ परंपरागत खेती का बढ़ावा दिया जाए


जतिन शर्मा

देहरादून। राज्य में कृषकों की आय बढ़ाने के लिए ज्ञान-विज्ञान के साथ परंपरागत खेती को बढ़ावा दिया जाए। जिन क्षेत्रों में किसान अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें उसी क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विभागों द्वारा जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उनका परिणाम धरातल पर दिखे। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागों द्वारा जिन योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उनकी भौतिक स्थिति, वित्तीय प्रगति, आउटकम और आउटपुट के आधार पर कार्य किये जाएं, ताकि बजट का भी सही तरीके से उपयोग हो और लोगों की आजीविका भी बढ़े। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में कृषि, उद्यान और सहकारिता विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कृषि और उद्यान के क्षेत्र में आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेट को राज्य में और बढ़ावा दिया जाए। पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। एरोमा, एप्पल मिशन, कीवी मिशन के साथ ही उत्तराखण्ड के पारंपरिक उत्पादों और फलों के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। नाशपती, प्लम, माल्टा, नारंगी, आडू के उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। जिन फसलों को जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, उनको बढ़ावा दिया जाए और औषधीय पादपों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषकों को जागरूक किया जाए। सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये सहकारिता के क्षेत्र में लोगों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैल्यूचैन सिस्टम को मजबूत बनाया जाए। राज्य में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को बढ़ाने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रयास किये जाएं। आगामी`5 साल में प्रदेश की सभी ग्राम सभाओं को पैक्स से जोड़ा जाए। सहकारी समितियों को में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने के साथ ही विपणन के लिए सुदृढ़ व्यवस्थाएं की जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि किसानों की सुविधा के लिए ई-रूपी की व्यवस्था की जा रही है। यह सुविधा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में शुरू की जायेगी। इससे किसानों को त्वरित, सुरक्षित और पारदर्शी भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन आयेगा। सगंध फसलों डेमस्क रोज, तिमरू, दालचीनी, लेमनग्रास और मिंट को राज्य में तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। उच्च मूल्य वाली सगंध फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। आईटीबीपी और सेना ताजे पदार्थों की बिक्री की व्यवस्था की गई है, इससे किसानों को निश्चित बाजार मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा भी मिलेगा। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, एस.एन पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, रणवीर सिंह चौहान, अपर सचिव सोनिका, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपीपीजीजी मनोज पंत और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



- कृषि और उद्यान के क्षेत्र में आर्थिकी बढ़ाने के लिए नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए।
- किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैल्यूचैन सिस्टम को मजबूत बनाया जाए।

## फेसबुक के जरिए हनी ट्रैप में फंसा कर ऋषिकेश के व्यापारी से कर ली करोड़ों की ठगी।



हरिद्वार। उत्तराखंड में हनी ट्रैप का एक बड़ा मामला सामने आया है। फेसबुक के जरिए संपर्क में आई युवती ने क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ऋषिकेश के एक कपड़ा व्यापारी को करोड़ों रुपये की ठगी कर डाली। युवती ने व्यापारी को मुनाफा कमाने का झांसा देकर उसे क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए राजी किया। इस मामले में व्यापारी की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और जांच जारी है। कपड़ा व्यापारी ने पुलिस को बताया कि 6 जनवरी 225 को एक युवती, तनिष्का शर्मा, ने फेसबुक मैसेंजर के जरिए उनसे संपर्क किया। इसके बाद दोनों ने व्हाट्सएप पर नंबर आदान-प्रदान किया और चैटिंग का सिलसिला शुरू हुआ। युवती ने व्यापारी से कहा कि वह गोमती नगर, लखनऊ से है और दुबई में जिम उपकरण निर्माण का व्यापार करती है। उसने यह भी बताया कि उसके चाचा जेपी मॉर्गन, अमेरिका में उप प्रबंधक हैं, और उसकी एनालिटिक्स टीम व्यापार के लिए डेटा विश्लेषण करती है। 1 दिनों की व्हाट्सएप चैटिंग के बाद, युवती ने व्यापारी से क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए एक लिंक भेजा और खाता खुलवाने को कहा। खाता खोलने के बाद, उसने व्यापारी से यूएसडीटी (ञ्द्रह्लद्धद्रह्) खरीदने के लिए कहा और कस्टमर केयर से संपर्क करने को कहा। व्यापारी ने यूपीआई के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करना शुरू किया। पहले एक लाख रुपये का भुगतान किया, जिसके बाद उसके वॉलेट में 1, रुपये का मुनाफा ट्रांसफर हुआ। धीरे-धीरे व्यापारी ने 2 करोड़ 67 लाख रुपये का निवेश किया। हालांकि, बाद में व्यापारी को यह एहसास हुआ कि वह अपनी निवेश की गई राशि को निकाल नहीं पा रहे थे। जब उन्होंने कस्टमर केयर से संपर्क किया, तो उन्हें रकम निकालने के लिए 6 प्रतिशत सीमा शुल्क की मांग की गई। इस पर व्यापारी को ठगी का अहसास हुआ।

# जब तक जीवन है, उत्तराखंड की सेवा को समर्पित रहूंगा: अग्रवाल

## ऋषिकेश पहुंचे विधायक अग्रवाल, कार्यकर्ता हुए भावुक

ऋषिकेश। मंत्रिमंडल पद से त्यागपत्र देने के बाद विधायक डा. प्रेमचंद अग्रवाल अपनी विधानसभा ऋषिकेश पहुंचे, यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, बुजुर्ग, युवा भावुक नजर आए। उन्हें देखकर विधायक डा. अग्रवाल भी भावुक हुए। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के प्रदर्शन आदि न करने की सलाह दी। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में विधायक डा. अग्रवाल के साथ हर संभव खड़े रहने की बात कहते हुए उनके पक्ष में नारे भी लगाए। साथ ही 227 में और भी बड़े अंतर से जीत दर्ज कराने का संकल्प लिया। जब सोमवार की सुबह 11 बजे विधायक डा. अग्रवाल कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। यहां वरिष्ठ नेत्री पुष्पा ध्यानी ने कहा कि हमारे विधायक जी के खिलाफ गलत माहौल बनाकर दुष्प्रचार किया गया। जिसके चलते उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। कहा कि मगर, डा. अग्रवाल सदैव हमारे प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन पोखरियाल, सुमित पंवार, सुरेंद्र कुमार और सुरेंद्र बिष्ट ने कहा कि हमारे ऋषिकेश से मंत्री पद पर रहना हमारे लिये सौभाग्य की बात थी। ऋषिकेश का चहुंमुखी विकास हो रहा था। मगर, उत्तराखंड के टुकड़े-टुकड़े करने वाले गैंग के लोगों ने ऐसा माहौल तैयार किया जिस कारण डा. अग्रवाल को मंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा। कहा कि उनका मंत्री पद से इस्तीफा देना ऋषिकेश के लिये दुर्भाग्य की बात है। इस अवसर पर विधायक डा. अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण के दौरान उनकी भूमिका भी आंदोलनकारी के रूप में रही। मगर, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी बातों को तोड़मरोड़ कर सोशल मीडिया में रखा गया और इस बात का विरोध करने वालों पर अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी की गई। उन्होंने कहा कि उनका जीवन अब समाजसेवा तथा उत्तराखंड को विकास की प्रगति पर ले जाने की दिशा में ही बीतेगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द बनाए रखें। किसी के साथ भी गलत व्यवहार न करें। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने से बचे और ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे अराजकता और प्रदेश का माहौल खराब हो।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक
**देवेन्द्र जौहरी** द्वारा
साप्ताहिक समाचार पत्र
**''गुरुकृपा दर्पण''** को
रूद्र प्रिंटिग प्रेस, ई-34,
ओल्ड इड्स्ट्रियल एरिया, हरिद्वार
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं
एस-3, अशोक विहार कालोनी,
कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. – 9997331129
E-mail :
gurukripadarpan@gmail.com